*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-promgahv@gmail.com

## फाइलों को भी करें कंप्यूटराइज्ड -कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## कर्मचारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ ने दिया कर्मियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण

वर्धा दि. 24 अप्रैल 2015: सरकारी कामकाज में कंप्यूटर के आने से क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। आज कागज़ और कलम का अभ्यास खत्म होता जा रहा है। प्रशासनिक कार्य को अधिक गति प्रदान करने के लिए फाइलों को भी कंप्यूटराइज्ड करने की आवश्यकता है। उक्त प्रतिपादन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किए। वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में कर्मचारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ एवं 'लीला' द्वारा कर्मियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, कुलसचिव संजय गवई तथा प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश अरोड़ा उपस्थित थे।



प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के स्थायी एवं अस्थायी कर्मियों ने सहभागिता की। कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गिरीश चंद्र पांडेय, अंजनी कुमार राय, पंकज पाटिल, अजय प्रताप सिंह, अरविंद कुमार राय, हेमलता गोडबोले आदि ने जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 25 तारीख को प्रात: 10 बजे भाषा विद्यापीठ के सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र एवं

कुलसचिव संजय गवई की उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।



## फाइली कंप्यूटराइज्ड करण्याची गरज -प्रो. गिरीश्वर मिश्र
## हिंदी विश्वविद्यालयात कर्मचा-यांना कंप्यूटर प्रशिक्षण

वर्धा दि. 24 एप्रिल 2015: कंप्यूटरमुळे सरकारी कामकाजात क्रांतीकारी परिवर्तन आले आहे. आज कागद आणि पेन यांचा वापर कमी-कमी होत चालला आहे. प्रशासकीय कामात अधिक गती आणण्याकरिता फाइलीही कंप्यूटराइज्ड करण्याची गरज आहे असे प्रतिपादन कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी केले. ते महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात कर्मचारी प्रशिक्षण विभाग आणि 'लीला' विभाग यांच्या वतीने कर्मचा-यांकरिता आयोजित पाच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाळेच्या उदघाटन कार्यक्रमात बोलत होते. यावेळी प्रकुलगुरू प्रो. चित्तरंजन मिश्र, प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, कुलसचिव संजय गवई व संयोजक राजेश अरोड़ा उपस्थित होते.



प्रशिक्षणात जवळपास 50 कर्मचारी सहभागी झाले. त्यांना गिरीश पांडेय, अंजनी राय, पंकज पाटिल, अजय प्रताप सिंह, अरविंद कुमार, हेमलता गोडबोले यांनी कंप्यूटरशी संबंधित अद्ययावत माहिती आणि कामकाजाविषयीचे प्रशिक्षण दिले. प्रकुलगुरू प्रो. चित्तरंजन मिश्र आणि कुलसचिव संजय गवई यांच्या उपस्थितीत कर्मचा-यांना 25 तारखेला भाषा विभागात सकाळी 10 वाजता प्रमाणपत्र प्रदान करण्यात येणार आहे.